राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राष्ट्रपति को फिजी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किए जाने पर राजस्थान की ओर से राज्यपाल ने बधाई दी

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा, यह पूरे देश के लिए गौरव का क्षण

जयपुर, 6 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को फिजी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ फिजी' से सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता जताते हुए उन्हें राजस्थान की ओर से बधाई दी है।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि यह विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए गौरव का क्षण है।